तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

8 न्यायिक कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदा....



10 बिंद्रावन-खट्टी मार्ग का ब्लैक स्पॉट राहगीरों के लिए...



**आवश्यकता है**

दवाई दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है।

3 पद

साक्षात्कार का समय मंगलवार 12 से 2 बजे तक रहेगा। (वेतन योग्यतानुसार)

**लक्ष्मी मेडिकल हॉल**

स्टेट बैंक के सामने रायपुर रोड-महासमुंद

7278994000

7566794444

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 काष्ठागार कोडार के पास अज्ञात कार की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। ग्राम पट्टी नं. 02 बांसकुड़ा निवासी टीकाराम पटेल 13 सितंबर को अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीटी 0597 से चावल लेकर तुमगांव से अपने घर बांसकुडा जा रहा था। दोपहर करीबन 02.15 बजे एनएच 53 रोड काष्ठागार कोडार के सामने रांग साइड से आ रही अज्ञात कार के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर दांये साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग गया। प्रार्थी ने इलाज कराकर वापस लौटने के बाद तुमगांव थाने में 3 अक्टूबर को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

**घटना :** कोमाखान सर्किल के कारीडोंगर जंगल की घटना

# लकड़ी बीन रहे युवक पर झपटा तेंदुआ, बांह और कंधे पर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



लकड़ी बीनने के लिए जंगल में गए युवक पर तेंदुआ ने अचानक हमला कर दिया। घटना जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के कोमाखान सर्किल अंतर्गत कारीडोंगर जंगल की है, जहां शनिवार को हुई इस घटना के दौरान युवक के आसपास मौजूद दो महिलाओं ने हमला होते ही जोर जोर से चिल्लाना शुरु कर दिया और युवक भी बचाव में कुल्हाड़ी घुमाने लगा। हमले का जबाव मिलते ही तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला लेकिन, अचानक हुए इस हमले के कारण युवक की बांह और कंधे पर नाखून लगने से चोटें आई है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंडरीपानी निवासी लक्ष्मीचंद यादव (34) दो महिलाओं के साथ कारीडोंगर जंगल के कक्ष क्रमांक 109 में लकड़ी बीनने गया था। इसी दौरान पीछे से अचानक तेंदुआ ने युवक पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से युवक और उसके साथ मौजूद महिलाएं घबरा गईं। दोनों महिलाओं ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। घटना के तुरंत बाद दोनों महिलाओं ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी था। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। विभाग की ओर से घायल युवक को तत्काल एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। तेंदुए के हमले की घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भी सतर्कता बढ़ गई है। वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगल में अकेले प्रवेश न करने, समूह में जाने और विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

बता दें कि हाल ही में 29 सितंबर को बागबाहरा में तेंदुआ देखा गया था। शाम करीब 4.30 से 5 बजे के बीच बागबाहरा नगरीय सीमा से लगे सीताराम अग्रवाल के बगीचे में कर्मचारी रोजमर्रा का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी नजर बगीचे में घूम रहे तेंदुए पर पड़ी। कर्मचारियों के मुताबिक तेंदुआ बगीचे से आगे बढ़ते हुए शुभ फ्यूल्स के पीछे की ओर निकला। बाद वह दारगांव की दिशा में खेतों से होते हुए आगे जंगल की ओर चला गया। करीब साढ़े सात बजे वन विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेंजर ने वीडियो की जांच की और तेंदुआ होने की पुष्टि भी की गई।

### महासमुंद वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक-54 के जंगल में घुसा दंतैल

2 अक्टूबर की रात गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर वन क्षेत्र से निकलकर एक दंतैल हाथी महासमुंद वन मंडल में प्रवेश किया था। जिसने शुक्रवार रात एनएच-53 पार कर महासमुंद वनमंडल अंतर्गत ग्राम बांसकुड़ा खेत से होते हुए सिरपुर से कुहरी मार्ग पार कर कक्ष क्रमांक 28, 810 से होते हुए खिरसाली से केशलडीह मार्ग पार करने के बाद वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 53, 46 से होते हुए कक्ष क्रमांक 54 के जंगल में प्रवेश किया है। जानकारी के अनुसार हाथी के कक्ष क्रमांक-131, 132, 133, 134, 176, 175, 181, 173, 174, 182 में प्रवेश करने की संभावना है। इसके चलते ग्राम केशलडीह, खिरसाली, तालाझर, सुकुलबाय, नांदबारू, रायकेरा, मरौद, अमलोर, चुहरी, बोरिद, छताल के लोगों से अलर्ट रहने की अपील की गई है। ऐसी संभावना व्यक्त की गई है कि दंतैल हाथी आज रात वन मंडल महासमुंद जिले से निकलकर कर मंडल बलौदाबाजार में प्रवेश कर सकता है।

# विधायक के लेटरपैड का डुप्लीकेट तैयार कर इंजीनियर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरायपाली विधायक के लेटरपैड का डुप्लीकेट तैयार कर इंजीनियर की शिकायत करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद के निज सहायक व प्रार्थी विभीषण चौहान ने थाने में विधायक के लेटरहेड का डुप्लीकेट तैयार कर फर्जी तरीके से पत्राचार करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध लिखित शिकायत प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने शिकायत आवेदन में बताया है कि विधायक सरायपाली चातुरी नंद के लेटरहेड का फर्जी तरीके से उपयोग करते हुए एक पत्र क्र. 80/2026 दिनांक 18/09/26 को मुख्यमंत्री छग शासन महानंदी भवन नया रायपुर छग को महासमुंद जिला अंतर्गत लोक निर्माण विभाग उप संभाग सरायपाली के सब इंजीनियर द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य कराने के संबंध में शिकायत पत्र जारी किया गया है, लेकिन उक्त पत्र का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट हुआ कि यह पत्र विधायक सरायपाली द्वारा जारी नहीं किया गया है तथा कार्यालय के अधिकृत अभिलेख क्रमांक से भी संबंधित नहीं है। प्रार्थी ने अपने आवेदन में पुलिस को बताया कि विधायक कार्यालय द्वारा उक्त पत्र जारी करने तथा उसमें वर्णित विषय के संबंध में किसी व्यक्ति को पत्र जारी करने की अनुमति नहीं दी गई है। इस प्रकार की घटना से विधायक एवं विधायक कार्यालय की प्रतिष्ठा एवं विश्वसनीयता प्रभावित होने के साथ-साथ भविष्य में भी किसी प्रकार के फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासकीय अधिकारियों अथवा आम नागरिकों को भ्रमित किए जाने की संभावना है। इसलिए भविष्य में विधायक के नाम, लेटरहेड एवं पदनाम का दुरूपयोग कर इस प्रकार के फर्जी पत्र जारी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरायपाली थाने में उक्त शिकायत आवेदन के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 319(2), 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जानवरों से टकराकर अनियंत्रित हुई बाइक, चालक की मौत

**महासमुंद।** जानवरों से टकराकर बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से युवक की मौत के मामले में जांच के बाद तुमगांव थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक मोहन यादव पिता मनोहर यादव (27 वर्ष) भोरिंग 30/09/2026 को अपनी मोटर सायकल क्र सीजी 06 डीजी 9853 से पेट्रोल भरवाने की बात कहकर घर से निकला था। समोदा से घर वापस आते समय करीबन 9.45 बजे भोरिंग पेट्रोल पंप के पहले रास्ते में बैठे जानवरों से टकराकर अनियंत्रित होकर गिर गया, जिसे डायल 112 वाहन के माध्यम से सीएचसी तुमगांव लाया गया, जहां डॉक्ट र द्वारा चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया गया। मामले में धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# गांजा मामले का फरार आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा जब्ती मामले के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान पूर्व में दो लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं और उनके कब्जे से हुंडई वर्ना कार से कुल 40.200 किलो गांजा (कीमत 20 लाख रुपए) को जब्त किया गया था। इस मामले को लेकर थाना बागबाहरा अप.क्र. 24 /2026, धारा 20(बी), एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु प्राप्त निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बागबाहरा पुलिस ने थाने में दर्ज अप.क्र. 24/26 धारा 20(बी )एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से संकलित जानकारी एवं जब्त मोबाइल डाटा का तकनीकी विश्लेषण कर गांजा परिवहनकर्ता को गांजा उपलब्ध कराने वाला व लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य सोर्स, आरोपी को शीरी दास पिता सुबरू दास (47 साल) को ओडिशा राज्य जिला नुवापड़ा थाना कोमना के सुकलूमुड़ी से गिरफ्तार कर महासमुंद लाया गया। पुलिस ने बताया कि दिनांक 09.02.2026 को आरोपी सुमीत श्रीवास्तव पिता लक्ष्मण (33 साल) निवासी शिव मंदिर के पास दतिया थाना दतिया जिला दतिया मध्यप्रदेश एवं रीना भदौरिया पति देवेंद्र भदौरिया (40 साल) निवासी कृष्णा विहार कॉलोनी मुरैना जिला मुरैना मध्यप्रदेश को हुंडई वर्ना कार क्रमांक एमपी 07 एजी 8311 में अवैध रूप से कुल 40.200 किलोग्राम (कीमत 20,00,000 रुपए) अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुए पकड़ा गया था। मामले की जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से संकलित जानकारी एवं जब्त मोबाइल डाटा का तकनीकी विश्लेषण कर मामले में गिरफ्तार आरोपियों को गांजा उपलब्ध कराने वाले (मुख्य सोर्स पॉइंट) फरार सप्लायर का लोकेशन मिलने पर महासमुंद पुलिस की टीम को ओडिशा भेजा गया, जहां पर आरोपी मुख्य गांजा सप्लायर आरोपी शीरी दास पिता सुबरू दास (47 साल) निवासी सुकलूमुड़ी थाना कोमना नुवापड़ा (ओडिशा) को घेराबंदी कर पकड़ा गया। वैधानिक कार्रवाई करते हुए 03.10.2026 को गिरफ्तार कर ज्यूडियल रिमांड पर जेल भेजा गया।



## खबर संक्षेप



### सेजेस तुमगांव विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री सेजेस तुमगांव विद्यालय में पूर्व प्राचार्य एल कुरिल ने अपने पिता गंगा प्रसाद कुरिल के जन्मदिन पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के वर्तमान प्राचार्य केआर साहू ने कुरिल परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को यह भोजन उपलब्ध कराने का यह सराहनीय प्रयास है। गंगा प्रसाद कुरिल ने कहा कि बच्चों की खुशी और शिक्षा में योगदान ही सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत से पढ़ने और अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। न्योता भोज में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विजय कुमार तिवारी, अश्विनी धीवर, रेवती रमन तारक, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरें, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, नवीन कुमार दास, तरुण कुमार सिन्हा, लोकेश साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बरिहा, सोनाली साहू, रेणुका साहू, रुपाली गुप्ता, मोनिका यादव, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, प्रगति साहू आदि मौजूद रहे।

### कर्मा कन्या महाविद्यालय में हुआ विविध जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को नवाचार एवं उद्यमिता के साथ-साथ डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज–2026 एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नवाचार एवं उद्यमिता संबंधी जागरुकता कार्यक्रम तथा नीति आयोग एवं एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ.सरस्वती वर्मा एवं डॉ.मनोज कुमार शर्मा विभागाध्यक्ष वाणिज्य, डॉ श्वेत लाना नांगल विभागाध्यक्ष सूक्ष्म जीव विज्ञान की उपस्थिति रही। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से अंकुर गुप्ता महाप्रबंधक, शशिकांत सिंह भुवाल प्रबंधक तथा वैभवी साहू प्रबंधक ने छात्राओं को संबोधित किया।

## शोक सूचना

### गौतमचंद लूनिया

**महासमुंद।** जैन समाज के सुश्रावक गौतमचंद जी लूनिया (75 वर्ष) सुपुत्र- स्व. तेजमल जी लूनिया का



शनिवार संध्या 4:30 बजे हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। स्व. रानूलाल, स्व. उत्तमचंद लूनिया, स्व. पारस लूनिया एवं देवराज लूनिया के भाई थे। अंतिम यात्रा आज 12 बजे कॉलेज रोड स्थित निवास से निकलेगी।

# न्यायिक कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

## कर्मचारी हितों के लिए एकजुटता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में हुआ। समारोह में न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के माध्यार्पण के साथ की गई तथा स्वागत गीत उपासना खडतकर द्वारा किया गया।

समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकरियों को मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार ध्रुव सहित संघ की नवनिर्वाचित सचिव सुनील कश्यप, कोषाध्यक्ष हितेश दीवान व समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रकला देवी साहू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानों सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार ध्रुव ने कहा कि संगठन की प्राथमिकता कर्मचारियों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के विधि-सम्मत निराकरण तथा संघ में एकता, अनुशासन एवं पारदर्शिता को मजबूत करना होगी। उन्होंने कहा कि संगठन तभी सशक्त होता है, जब प्रत्येक कर्मचारी स्वयं को संघ का अभिन्न हिस्सा समझते हुए एकजुट होकर कार्य करे। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सहयोग और सकारात्मक सहभागिता की अपील की। समारोह के दौरान संगठन को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने तथा कर्मचारी हितों के लिए प्रभावी मंच तैयार करने का संकल्प दोहराया गया।

# बस में यात्रा कर रही महिला के आभूषण नगदी रकम चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




बीते दिनों बस में यात्रा कर रही एक महिला का सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने रायपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया पुलिस ने बताया कि मामला इस प्रकार से है की प्रार्थिया संजू कुमारी नायक पति भूपेंदर सिंग (41 साल) निवासी रेवेन्यू कालोनी राजा खरियार जिला नुआपाड़ा ओडिशा ने थाना कोमाखान में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह दिनांक 27.08.2026 को जय माता दी बस में बैठकर रायपुर से राजा खरियार (ओडिशा) अपने घर जा रही थी। 27.08.2026 की दरम्यानी रात करीब 1 बजे, ग्राम मौलीमुड़ा ओम ढाबा (एनएच 353) में बस रूकी और वह लघुशंका के लिये बस से उतरने के बाद वापस अपने सीट पर पहुंची तो, उसका सामान जिसमें एक मोबाईल (कीमत 5000 रुपए), नगदी रकम 30,000 रुपए, सोने की चेन माला, कान का कर्णफूल, सोने का टॉप, सोने की अंगूठी (आभूषण कीमत लगभग 2,40,000 रुपए) इस प्रकार से कुल कीमत करीबन 2,75,000 रुपए की संपत्ति को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर थाना कोमाखान अपराध क्रमांक 102/2026, धारा 305(ए), 62, 331(4) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान मोबाईल लोकेशन, सीडीआर डाटा एनालिसिस के आधार पर संदिग्ध आरोपी बसंत बाघ पिता भेलीमत बाघ (31 साल) निवासी आमानाका कुकुरबेड़ा थाना सरस्वती नगर रायपुर का लोकेशन ज्ञात हुआ। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर बसंत बाघ को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई, जिस पर उसने उक्त दिनांक को प्रार्थिया संजू कुमारी नायक के आभूषण एवं नगदी रकम व मोबाईल को बस से चोरी करने की बात स्वीकार करने पर आरोपी से, प्रार्थिया की चुराई हुई मशरूका मे से सोने का टॉप, सोने का कर्णफूल एवं एक मोबाईल को बरामद किया गया। महासमुंद पुलिस को उक्त मामले में अंतरजिला चोर को पकड़ने में पुलिस का सफलता मिली। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# फेंसिंग तार लगाने को लेकर विवाद, बिरकोनी में दो पक्ष भिड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जमीन फेंसिंग तार लगाने को लेकर हुए विवाद के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली थाने में अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी मेडिकल संचालक लोकेश अग्रवाल 02 अक्टूबर की शाम 5.15 बजे मेडिकल स्टोर से लगी जमीन पर मजदूरों से फेंसिंग तार लगवा रहा था, तभी गांव का गोवर्धन चंद्राकर आया और यहां पर फेंसिंग क्यों लगा रहे हो कहकर वाद विवाद करने लगा और गांव के पूर्व सरपंच ताम्रध्वज निषाद एवं सरपंच चंदन चंद्राकर एवं अन्य पंचगणों को बुला लिया। सभी लोगों ने उक्त भूमि को सार्वजनिक भूमि होना बताया, इस पर प्रार्थी ने कहा कि यह मेरी निजी जमीन है। इस पर सरपंच चंदन चंद्राकर गाली गलौज करने लगा और ताम्रध्वज निषाद ने हाथ मुक्का से मारपीट की। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की मां ममता अग्रवाल के साथ भी गाली गलौज कर धक्का दिया गया और उसी समय सरपंच द्वारा जेसीबी बुलाकर फेंसिंग तार को हटाया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

वहीं दूसरे पक्ष के ताम्रध्वज निषाद ने बताया कि 02 दिसंबर को शाम करीब 05 बजे सरपंच चंदन चंद्राकर से सूचना मिला कि ग्राम बिरकोनी स्थित सार्वजनिक भूमि पर लोकेश मेडिकल के संचालक लोकेश अग्रवाल द्वारा मजदूरों से फेंसिंग तार लगाया जा रहा था। उक्त स्थान पर गांव के गोवर्धन चंद्राकर द्वारा सार्वजनिक भूमि पर फेंसिंग लगाने से मना किया गया, लेकिन नहीं मानने पर गांव के सरपंच एवं अन्य पंच को मौके पर आए।

वहां पर सरपंच चंदन चंद्राकर द्वारा लोकेश अग्रवाल एवं उसकी मां ममता अग्रवाल को सार्वजनिक भूमि पर फेंसिंग लगाने से मना किया, इस पर लोकेश अग्रवाल सरपंच चंदन चंद्राकर को गाली देते हुए मारपीट करने लगा। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया तब ममता अग्रवाल ने पीछे से आकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# बैंक खाता खुलवाकर ठगी, आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया गया मुख्य आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बैंक खाता खुलवाकर साइबर नेटवर्क को सप्लाई करने के मामले में जिले की पुलिस ने मुख्य आरोपी को आंध्रप्रदेश के पोलावरम से गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर बसना थाने में धारा 318(4), 319(2), 3(5), 317(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस महासमुंद द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर अपराधों और ठगी पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बसना पुलिस द्वारा ग्रामीणों को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगी में इस्तेमाल करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक मुख्य आरोपी को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राजकुमार तांडी निवासी ग्राम मनकी ने 20/08/2026 को थाना बसना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ओडिशा निवासी सुनील दुर्गा और थिमोथी छतरिया ने प्रार्थी और अन्य ग्रामीणों को बैंक खाता खुलवाने पर 1,500 से 20,000 रुपये तक कमीशन दिलाने का लालच दिया था। प्रार्थी और उसके साथियों के बैंक खाते खुलवाने के बाद आरोपियों ने कंपनी में वेरीफाई कराने के बहाने उनके एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक और सिम कार्ड ले लिए और साइबर अपराधियों को बेच दिए। प्रार्थी की शिकायत पर थाना बसना में अपराध क्र. 452/2026 धारा 318(4), 319(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना और पूर्व में पकड़े गए आरोपियों (सुनील दुर्गा, थिमोथी छतरिया और हेमलाल चौहान) ने पूछताछ में बताया कि वे आंध्र प्रदेश निवासी बी. लक्ष्मणा और चंद्रारावे के कहने पर बैंक खाते खुलवाकर उन्हें देते थे, जिनका उपयोग वे लोग सायबर फ्रॉड शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन गेमिंग में पैसों के भारी लेन-देन के लिए करते थे, जिसके एवज में उन्हें कमीशन मिलता था। इसी आधार पर थाना बसना की पुलिस टीम ने आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में दबिश दी। 2 अक्टूबर को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी बी. लक्ष्मणा डोरा को पोलावरम, आंध्र प्रदेश से पकड़ा गया। विधिवत गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु न्यायालय बसना (छत्तीसगढ़) के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### शराब की अवैध बिक्री, एक गिरफ्तार

महासमुंद अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहे एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लोहडीपुर का गनपत यादव ग्राम उडेला दर्रीडबरी के पास अवैध शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी गनपत यादव पिता स्व० जलसिंह यादव (45 वर्ष) लोहडीपुर चौकी भंवरपुर के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारीएक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# खल्लारी विधायक के प्रयासों से क्षेत्र को मिली दो बड़ी सड़क की सौगात

## विधायक ने कहा-खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में सड़क एवं आवागमन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों से क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए करोड़ों रुपए की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। शासकीय स्वीकृति के अनुसार भुरकोनी से खड़ादरहा मार्ग के किमी 1 से किमी 11/4 तक कुल 10.25 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 19 करोड़ 58 लाख 15 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में ओवराडबरी–कोमा–कोकदा–खसुर्पाली मार्ग के किमी 7 से किमी 14 तक 8 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 13 करोड़ 38 लाख 28 हजार की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्य वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल है।



बेहतर सड़क सुविधा से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को आवागमन तथा आम नागरिकों को दैनिक आवागमन में सुविधा मिलने की संभावना है। क्षेत्रवासियों ने जताया आभार सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार जताया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से इन मार्गों के बेहतर निर्माण और मजबूतीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण से आवागमन अधिक सुविधाजनक होने के साथ क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन सड़क कार्यों की स्वीकृति क्षेत्रवासियों की आवश्यकता और मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के सड़क विकास कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्रीय अधोसंरचना को मजबूती मिलने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के

### ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित

**महासमुंद।** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा गतिविधि के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों के साथ-साथ आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पलसापाली, ग्राम पंचायत देवरी, ग्राम पंचायत बिछिया (पो) एवं ग्राम पंचायत पतेरापाली सरायपाली में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता से स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान ग्राम के सार्वजनिक स्थलों, गली-मोहल्लों एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। ग्रामीणों को अपने घर एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सीएचसी सरायपाली में लगा शिविर, 30 लोगों ने किया रक्तदान

**सरायपाली।** महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामकेश्वर सिंह कुशवाहा के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 2 अक्टूबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 30 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिवनाथ ब्लड सेंटर के तरफ से सभी रक्तदाताओं को उपहार स्वरूप हेलमेट का वितरण किया गया। जिससे सड़क सुरक्षा का संदेश गया। इस पहल से रक्तदान के प्रति लोगों में उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि राजेंद्र नायक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी विकास बोर्ड, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश पटेल ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया साथ में राइस मिल एसोसिएशन



सरायपाली की ओर से रक्तदाताओं को पानी बॉटल उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राइस मिल एसोसिएशन सरायपाली के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, सचिव पंकज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरुकता एवं मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा। स्वास्थ विभाग से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ नारायण साहू, डॉ कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसमें स्वास्थ्य टीम से विनय प्रधान, राजकुमार पटेल एमएलटी, ब्रह्मप्रकाश कर, भुवनेश्वर पटेल, त्रिलोचन चौधरी, चिंताराम सिदार, रेखा सिंह एमएलटी, हेमचंद मांझी आईसीटीसी काउंसिलर, वीणा मेश्राम स्टाफ नर्स, डोलचंद पटेल, सुरेश पटेल स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ने विशेष सेवाएं प्रदान किया।

# शासकीय महाविद्यालय में तुलसीदास और रामचरितमानस पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के हिंदी विभाग में 'भक्तिकालीन कवियों में तुलसीदास और रामचरितमानस' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खगेश कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक हिंदी शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा बिलासपुर ने विषय विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास भक्तिकालीन हिंदी साहित्य के ऐसे महत्त्वपूर्ण कवि हैं, जिन्होंने भक्ति को लोकजीवन, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ते हुए उसे व्यापक लोकचेतना का स्वर प्रदान किया। 'रामचरितमानस' केवल रामकथा का पुनर्सृजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, लोकमंगल, मर्यादा, समन्वय और आदर्श जीवन-मूल्यों का महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। उन्होंने तुलसीदास की काव्य-दृष्टि, राम के लोकनायक स्वरूप तथा रामचरितमानस की समकालीन प्रासंगिकता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ.चंद्रिका चौधरी ने किया। संचालन आरती साहू तथा आभार प्रदर्शन रीना साव ने किया। अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों सहित अन्य विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को तुलसी साहित्य और भक्तिकालीन काव्य की समृद्ध परंपरा को समझने तथा उसके सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महत्त्व से परिचित होने का महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।




### मिशन प्राथमिक शाला जगदीशपुर में न्योता भोज का आयोजन

**बसना।** जगदीशपुर की पूर्व सरपंच दीपिका मिंज एवं क्षेत्रीय साहित्यकार और शिक्षक लोरीश गुरुजी ने अपनी बेटी एनी रेबेका बारला (सुरभि) के जन्मदिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए मिशन प्राथमिक शाला के बच्चों के बीच जन्मदिन मनाया और सभी बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत न्योता भोजन कराया। प्रधानपाठक ऋतु नंद ने बताया कि हमारे विद्यालय में पहली बार किसी परिवार ने स्वपहल से न्योता भोज का आयोजन किया है। हमारे बच्चे बहुत ही खुश हैं। लोरीश गुरुजी ने बताया कि न्योता भोज की अवधारणा पूरी तरह से स्वैच्छिक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी वर्गों के बच्चों में समानता का भाव विकसित होता है और अपनेपन की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर सभी बच्चों के लिए पुलाव और सब्जी, केक एवं मिष्ठान की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षक कमलेश प्रधान, प्रीतम कंवर सहित विक्रम प्रधान, कैमो सोना, जयंती दास का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत यात्री उत्कल प्रधान, उत्तर प्रधान, अश्विनी प्रधान उपस्थित रहे।

# सांकरा में लगा रक्तदान शिविर, 170 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

आशीर्वाद सेवा समिति सांकरा एवं थाना सांकरा के संयुक्त तत्वावधान में मंडी प्रांगण सांकरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, सरपंच सांकरा सतपाल सिंह छाबड़ा, विधायक प्रतिनिधि कैलाश चंद अग्रवाल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, कंवलजीत सिंह छाबड़ा, अजय अग्रवाल, सीताराम सिन्हा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, भाजपा मंडल अध्यक्ष सांकरा हलधर साहू, मंडल अध्यक्ष पिरदा अभिमन्यु प्रधान, भाजयुमो अध्यक्ष विजय चौधरी, थाना प्रभारी सांकरा विष्णुदेव



डड़सेना, एसआई विजेन्द्र चंदनिया एवं कृपाल सिंह सिदार उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि आशीर्वाद सेवा समिति द्वारा की गई यह सराहनीय पहल है। इनके प्रयासों से जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर ब्लड की व्यवस्था हो पाएगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, आपका एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। समिति के सलाहकार कुलेश पंडा ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 170 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष सुशील प्रधान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र में रक्त की कमी को दूर करना है। उपाध्यक्ष राजेश साव ने कहा कि हमारे आशीर्वाद सेवा समिति और थाना सांकरा पुलिस का विशेष सहयोग रहा है और समाज से मिलकर जब जनहित के कार्य करते हैं तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। शिविर को सफल बनाने में उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद सावड़िया, सचिव प्रशांत पंडा, सहसचिव नीलेश साहू,पंचराम साहू, सुरेश नायक, नवीन बरिहा, अनिल बरिहा, मीडिया प्रभारी डिगेश यादव, जयकिशन, देवेंद्र यादव, नीलमणि प्रधान, आशीष कोटक सहित समस्त सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र, हेलमेट, स्मार्ट वॉच एवं बैग देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### नशाखोरी, अवैध शराब एवं चाकूबाजी की घटनाओं पर कार्रवाई की मांग

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर में नशाखोरी, अवैध शराब एवं चाकूबाजी की घटनाओं पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग भारत माता वाहिनी ने की है। भारत माता वाहिनी के जिला संयोजक शत्रुहन लाल साहू एवं सदस्यों ने कहा है कि ग्राम बिरकोनी एवं आसपास के क्षेत्र में नशाखोरी तथा अवैध शराब बिक्री के कारण पिछले कुछ महीनों से लड़ाई-झगड़े, मारपीट एवं चाकूबाजी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। विशेषकर बरबसपुर रोड क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की शिकायतें अधिक हैं, जबकि इसी मार्ग पर स्कूल, धान मंडी, ग्राम पंचायत, पटवारी कार्यालय एवं शासकीय राशन दुकान जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान स्थित हैं। भारत माता वाहिनी ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब बेचने वाले कोचियों के विरुद्ध तत्काल छापेमारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा चाकूबाजी एवं मारपीट की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जाए। संगठन का कहना है कि यदि अवैध शराब कारोबारियों को किसी स्तर पर संरक्षण अथवा मिलीभगत की शिकायत सामने आती है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

# गांधी जयंती पर नशामुक्ति, पौधारोपण व तिरंगा रैली का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली/बसना



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर ग्राम बरडीह में स्वच्छ-भारत कार्यक्रम आयोजित की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग सिंघनपुर से भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान जैसे गगनभेदी देशभक्ति नारों के साथ मोहका से बरडीह तक तिरंगा रैली निकाली गई।

ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि का गाजे बाजे तथा प्रत्येक घर के सामने महिलाओं द्वारा अंगवस्त्र एवं नारियल पकड़ाकर स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत नायक सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह, विशिष्ट अतिथि मनजीत सिंह सलूजा, विजय साहू, तनवीर सईद ख्वाजा, राधेश्याम पटेल, राजेंद्र गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, संतलाल पटेल, तनुजा साहू, रोहित प्रधान, पंचानन प्रधान, दुष्कल प्रधान भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह, रूपेश कुमार युवा समाजसेवी, तिलकराम पटेल भदरपाली मंचासिन रहे।

ग्राम बरडीह के मुख्य चौराहे में आयोजित कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त कलाकार गुरु रोहित प्रधान द्वारा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जे तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि देवेंद्र बहादुर सिंह ने सड़क किनारे अशोक तथा पाम के पौधों का रोपण किया। नशामुक्त भारत अभियान की प्रचार प्रचार के लिए निशुल्क लकी ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम प्रतिभागी सिमरन (पम्मी) प्रधान प्रायोजक रूपेश कुमार युवा समाजसेवी सरायपाली, द्वितीय प्रतिभागी रितिक प्रधान प्रायोजक जितेंद्र चौधरी ओम कृषि सेवा केंद्र सिंघनपुर, तृतीय प्रतिभागी राजेंद्र भोई प्रायोजक तिलकराम पटेल भदरपाली द्वारा प्रदान किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। गांव के बुजुर्गों का सम्मान अंग वस्त्र एवं नारियल देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित कर आशीर्वाद लिया गया।

कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह हेमंत नायक, गुलाब कुमार भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत गिधली, दुष्कल प्रधान भूतपूर्व ग्राम पंचायत बरडीह, कोदंडधर महापात्र, गोपबंधु प्रधान, कन्हैयालाल भोई, शंकरु भोई, सचिन सराफ, मनबोध भोई, मोहन प्रधान, पुरुषोत्तम प्रधान, प्रमोद भोई, नरेंद्र बैरागी, दीपक महापात्र, तुषार विशाल, किशन गड़तिया जगदीश प्रधान, सीयाराम गड़तिया, प्रशांत प्रधान, कृष्णा सराफ, रविचंद्र बैरागी, प्रशांत स्वाई, अंजुलुश कुमार, जोहन कुमार, राजू कुमार, संजीव सराफ, आदित्य प्रधान, उमेश प्रधान, चंद्रानन प्रधान, नान्हू बैरागी, बलवंत प्रधान, पीयूष विशाल, रमन प्रधान, रोशन गड़तीया, सुमित प्रधान, अशोक गड़तिया, आर्यन प्रधान, अनंत प्रधान, गोलू भोई मौजूद थे।

मुख्य अतिथि देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि बरडीह में लगातार गांधी जयंती पर नशामुक्ति, पौधरोपण, स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा गांधी जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है जो किसी उत्सव से कम नहीं है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए सत्याग्रह और अहिंसा को अपना प्रमुख हथियार बनाया। उन्होंने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे आंदोलनों के माध्यम से देशवासियों को स्वतंत्रता के संघर्ष में एकजुट किया। गांधी जयंती पर हमें उनके सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और मानवता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनजीत सिंह सलूजा ने कहा कि महात्मा गांधी का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने सत्य और अहिंसा को अपना प्रमुख मार्ग बनाया और आम जनता को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई। गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन (1920), नमक सत्याग्रह/दांडी मार्च (1930) और भारत छोड़ो आंदोलन (1942) जैसे प्रमुख जन आंदोलनों ने स्वतंत्रता की मांग को व्यापक जनसमर्थन दिया। उन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार, स्वदेशी और खादी को प्रोत्साहित किया तथा सामाजिक एकता और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। ग्राम के युवाओं द्वारा नशामुक्ति के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जहां युवा नशापान कर जीवन बर्बाद कर रहे हैं वही ग्राम बरडीह के युवाओं द्वारा नशा उन्मूलन के क्षेत्र में जो बीड़ा उठाया जा रहा है, अवश्य ही प्रशंसनीय है। कार्यक्रम को गौतम गड़तिया द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम संचालन दुखनाशन प्रधान एवं आभार प्रदर्शन रूपेश कुमार ने किया।



### बनसिवनी में मनाई गई गांधी जयंती

**महासमुंद।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी जयंती ग्राम बनसिवनी में मनाई गई। स्वर्गीय डॉ. सुशील समुएल (थॉमस अस्पताल वाले) के बड़े भाई-भाभी आनंद व प्रीता सेमुएल ने गांव की 30 बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। उड़ान संस्था प्रमुख डॉ अनिता जी रावटे ने बताया कि आनंद दंपति जब भी महासमुंद आते हैं वे अपनी स्वर्गीय बेटी माया के साथियों से गांव में मुलाक़ात करते हैं और बुजुर्गों के लिए भेंट लाते हैं। गांव की ओर से दोनों का आत्मीय स्वागत किया गया। ग्रामवासियों को गांधी जयंती की बधाई देते हुए कहा कि अच्छे मन से की गई सेवा से भगवान भी प्रसन्न होते हैं। क्योंकि, नर में नारायण बसते हैं। कार्यक्रम प्रभारी नीलम ध्रुव ने आभार व्यक्त एवं संचालन बीर सिंग ने किया।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का सम्मान

**महासमुंद।** सेवा संकल्प के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचेड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं, गर्भवती महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें साड़ी एवं फल भेंटकर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा बच्चों, माताओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामाबाई टंडन सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर जितेंद्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि, मोहन मिरि उपसरपंच, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, राकेश दुबे पंच, टिकेश्वरी टंडन पंच, पाराणु बघेल, चिंटू अजगले, गुलाब साहू, लता यादव, ज्योत्सना क्षेत्रपाल पंच, मीना साहू, लीला पटेल, आनंद बाई ध्रुव, देवानंद साहू, सरस्वती यादव, निर्मला निषाद, रथकुमारी ढीढी, तुकन बघेल, कुलिंदर, हरीश नायक, रेवा निषाद, दुलेश्वरी साहू, नीतू सेन, शोभा साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

### 90 फीसदी निर्माण पूरा, फिर भी उपयोगविहीन किसान मॉल, करोड़ों की संपत्ति की नीलामी की मांग

**महासमुंद।** करीब 5 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से निर्मित किसान मॉल का



लगभग 90 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद यह महत्वपूर्ण परियोजना लंबे समय से उपयोगहीन है। करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी किसान मॉल में न तो कारोबार शुरू हो सका है और न ही किसानों को इसका अपेक्षित लाभ मिल पा रहा है। वीरान पड़े परिसर में अब अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर को पत्र लिखा है। उन्होंने किसान मॉल की दुकानों और अन्य परिसरों की शीघ्र नीलामी कराकर उसे तत्काल चालू कराने की मांग की है। साहू का कहना है कि जनहित और किसानों के हित में बनाई गई करोड़ों रुपए की संपत्ति को यूं ही बंद और अनुपयोगी छोड़ना सरकारी धन का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते दुकानों की नीलामी कर दी जाए तो किसान मॉल में कृषि उपकरण, बीज, खाद, कीटनाशक, डेयरी उत्पाद और कृषि आधारित अन्य व्यवसाय शुरू हो सकते हैं। इससे किसानों को आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी, वहीं स्थानीय युवाओं और व्यापारियों के लिए रोजगार एवं व्यवसाय के नए अवसर भी पैदा होंगे। तुषार ने प्रशासन से मांग की है कि किसान मॉल की वर्तमान स्थिति का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दुकानों की नीलामी कर जल्द से जल्द इसका संचालन शुरू किया जाए। उन्होंने कहा यदि करोड़ों की लागत से बनी यह संपत्ति इसी तरह उपेक्षित रही तो आने वाले समय में इसकी हालत और खराब हो सकती है।

# कुर्मी महिला महासभा ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





वरिष्ठ नागरिक दिवस पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महिला महासभा द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष निरंजना चंद्राकर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की नींव होते हैं। उन्होंने अपने जीवन के लंबे अनुभव, संघर्ष और ज्ञान से परिवार एवं समाज को समृद्ध किया है। उनका अनुभव नई पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक की तरह है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान केवल एक सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी और संस्कारों का परिचायक है। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि हमें बुजुर्गों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज के लिए आशीर्वाद समझना चाहिए। उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनना, उनके अनुभवों से सीखना तथा उन्हें समय, स्नेह और सम्मान देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जीवन के अंतिम पड़ाव में वरिष्ठ नागरिकों को अपनापन और सम्मान मिले, यही एक संवेदनशील समाज की पहचान है।

कार्यक्रम के अंतर्गत समाज में सक्रिय सेवा, चिकित्सा, शिक्षा, विधि एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठजनों का उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मान किया गया। इस क्रम में डॉ. गिरधारी चंद्राकर, डॉ. घनश्याम चंद्राकर, वरिष्ठ चिकित्सक एवं शिक्षक मानकलाल चंद्राकर, अधिवक्ता दुवन चंद्राकर तथा महिला सशक्तिकरण की मिसाल ममतामयी लीला भारत चंद्राकर का सम्मान करते हुए उनके सामाजिक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

महासभा की महिला पदाधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समाज में सकारात्मक संस्कारों को मजबूत करता है। उनके जीवन संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

ऐसे आयोजन समाज में आपसी स्नेह, एकता और पीढ़ियों के बीच संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महिला महासभा की पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रहीं। इसमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, सुरेखा, केसरी, पिंकी, शशि, चंद्रकला, पुष्पा, शशि, लीना, सुनीता, सुष्मिता, सीमा, मीना, आरती, शकुन, प्रतिभा आदि शामिल है।



### नवपदस्थ एसडीएम से अजजा कर्मचारी संघ ने की मुलाकात

**बसना।** सरायपाली में नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी तेजपाल सिंह ध्रुव से अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ सरायपाली-बसना ने सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न स्थानीय एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं पर एसडीएम ध्रुव से विस्तारपूर्वक चर्चा की। विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। चर्चा के दौरान एसडीएम तेजपाल सिंह ध्रुव ने संगठन की बातों को सुना। उन्होंने कहा कि नियमानुसार समस्याओं का करना मेरी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमृतलाल जगत, नेपाल सिदार, सीएल पुहुप, गणेश सिदार, नरेश पोर्ते, युवराज रावल, पीतांबर बाग, उपेंद्र बरिहा, भूपेंद्र सिंह नेताम, विजय नेताम, ललित दीवान, राजेंद्र सिंह जगत, रमेश चौहान, सुशील सिदार सहित संघ एवं समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

# प्रतिभा कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन

**सरायपाली।** प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालसी में जागरुकता अभियान के अंतर्गत एचआईवी/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम एवं जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एचआईवी/एड्स से बचाव एवं रोकथाम का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम में शासकीय अस्पताल से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक खीरसागर पटेल, सरोज ध्रुव, सुपरवाइजर डी.फ्रांसिस एवं काउंसलर हेमचंद मांझी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, जांच के महत्व तथा उपचार एवं परामर्श संबंधी महत्वपूर्ण




जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य आरके चौधरी ने कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता ही इसके प्रसार को रोकने का प्रभावी माध्यम है। समाज में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति किसी भी प्रकार का भेदभाव एवं सामाजिक कलंक नहीं होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से जागरूकता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स एक्ट 2017, टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097, एचआईवी जांच की आवश्यकता एवं जोखिम आकलन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही क्यूआर कोड स्कैन कर जोखिम आकलन करने तथा विश्वसनीय सोशल मीडिया एवं स्वास्थ्य विभागीय माध्यमों से जानकारी प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जागरुकता बढ़ाने तथा संक्रमित व्यक्तियों के साथ भेदभाव समाप्त करने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात जागरुकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से एचआईवी/एड्स से बचाव एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आरके चौधरी, शिक्षकों एवं समस्त छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रारूप (एक)

## सूचना

मैं, **विकास कुमार साहू, (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है)**, सुपुत्र बालाराम साहू, निवासी म.नं. 10 क, वार्ड नं. 10, बाम्हनसरा, पो. देवरी, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ ने अपना नाम **विकास कुमार साहू (पुराना नाम)** से बदल कर **विकास (नया नाम)** रख लिया है।

**विकास कुमार साहू**
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)

# गांधी एवं शास्त्री की जयंती पर बागबाहरा में कांग्रेसजनों ने किया श्रद्धापूर्वक नमन

**महासमुंद/बागबाहरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा शहर, ग्रामीण एवं कोमाखान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में विधायक कार्यालय बागबाहरा में श्रद्धापूर्वक जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके जीवन, संघर्ष, त्याग, तपस्या एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया। मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से देशवासियों को एकजुट कर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाकर पूरी दुनिया के सामने मानवता और शांति का संदेश प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण से



देश के सामने अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ देश का नेतृत्व किया। उनका सादा जीवन और उच्च विचार आज भी प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायी हैं। विधायक यादव ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महान नेताओं के विचार आज भी देश और समाज के लिए प्रासंगिक हैं। वर्तमान पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए सत्य, अहिंसा, ईमानदारी, सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के आदर्शों एवं विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा शहर अध्यक्ष लखबीर सिंह छाबड़ा, कोमाखान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, फिरोज मेमन, गिरीश पटेल, गणेश कुमार शर्मा, देवेश साहू, लोकेश दीवान, बीआर माझी, चंदूलाल साहू, यादराम ध्रुव, केवल यादव, बलराम ध्रुव, सुरेश पटेल, खिलेश्वर सिन्हा, अंजोर सिंह ठाकुर, दुर्गा सागर, अशोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम साहू, जितेंद्र क्षत्रिय, दिनेश मोगरे, राजेश सोनी, वसीम रजा आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### बैदपाली में हुआ नेवता भोज का आयोजन

**सरायपाली।** आदिवासी कन्या आश्रम शाला बैदपाली में नेवता भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन संकुल प्राचार्य भोगसिंह भोई की सुपुत्री हेमलता भोई के एमएससी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने की खुशी में किया गया।
नेवता भोज में आदिवासी कन्या आश्रम शाला के बच्चों एवं उपस्थितजनों को चावल, दाल, पूड़ी, सब्जी, पापड़, सलाद एवं मीठा परोसा गया। इस अवसर पर पीके ग्वाल प्राचार्य हायर सेकेंडरी सिंघोड़ा, विक्रम यादव प्राचार्य हायर सेकेंडरी भुथिया, मालिक राम पटेल, प्रभारी प्राचार्य हायर सेकेंडरी मोहदा, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक देवानंद नायक, खिरोद्र सोनी, संकुल समन्वयक नवागढ़, किशोर पटेल, संकुल समन्वयक कनकेवा, पाल सिंह बंजारे, संकुल समन्वयक बैदपाली, हेमंत चौधरी, परिमल प्रधान, टंकेश्वर प्रसाद जायसवाल, गीता दीवान, लक्ष्मी दीवान सहित आश्रम शाला बैदपाली के समस्त कर्मचारी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की बैठक आज

**महासमुंद।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन महासमुंद द्वारा 4 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12 बजे देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें संगठन को मजबूत करने के लिए सेनानी उत्तराधिकारी की सदस्यता अभियान चलाने, सेनानियों के नाम पिता के नाम पता में कुछ त्रुटियां है उसे सुधारने, पूरे जिले के सेनानियों का संशोधित शिलालेख स्थापित करने पर विचार, संभव हो तो सेनानियों की मूर्ति बना कर स्थापित करने, संगठन में विस्तार के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में जिलेभर के 145 सेनानियों के परिवार को आमंत्रित किया गया है। उपरोक्त जानकारी संगठन के महामंत्री कुबेर गिरि गोस्वामी ने दी है।

### गांधी जयंती पर महर्षि विद्या मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यालय की ईको क्लब समिति द्वारा आयोजित किया गया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व वाइस कल्चरल कैप्टन चैताली एवं वाइस सीसीए कैप्टन नियति ने किया। अभियान में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" एवं "साफ-सफाई हमारी जिम्मेदारी" जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरे की सफाई की तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

# जिंदगी के बाद भी काम आएगी ये देह, शीला ने लिया देहदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

## मृत्यु के बाद भी किसी के काम आए शरीर, यही होगा मेरे जीवन का सच्चा मोक्षः शीला





### अधीक्षक दंपत्ति ने भी लिया देहदान का संकल्प

गांधी जयंती (2 अक्टूबर) पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित रक्तदान, अंगदान एवं देहदान के लिए आयोजित शिविर में आदिवासी विकास विभाग के अधीक्षक दंपत्ति निलेश खांडे और उनकी पत्नी चित्ररेखा तारक ने समाज के सामने एक अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। तुमगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत इस दंपत्ति ने मरणोपरांत अपना शरीर दान (देहदान) करने का संकल्प पत्र भरा। उनका यह कदम न सिर्फ युवाओं के लिए एक नई सीख है, बल्कि समाज को यह भी बताता है कि जीवन के बाद भी मानवता की सेवा कैसे की जा सकती है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मनाए जा रहे दान उत्सव के तहत सेवा और परोपकार की एक प्रेरणादायी मिसाल सामने आई है, जो जीवन के साथ-साथ मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा का संदेश देती है। महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत शीला प्रधान ने देहदान का संकल्प लेते हुए अपना घोषणा-पत्र कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को सौंपा। उनके इस पुण्य कार्य सेवा के लिए सेवा सेतु शिविर कोसरंगी में शाल, श्रीफल, गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। शीला प्रधान ने बताया कि जीवन केवल अपने लिए जीने का नाम नहीं है, बल्कि जीवन की सार्थकता इस बात में है कि हम किसी के काम आ सकें। उन्होंने कहा कि ये मानवता की ये नैतिक जिम्मेदारी है कि हम समाज के किसी तरह काम में आ सके। वे एकल महिला हैं और अपने जीवन को परोपकार तथा समाजसेवा के कार्यों के लिए समर्पित करना चाहती हैं। इसी भावना से उन्होंने मृत्यु के बाद अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा एवं मानव कल्याण के लिए दान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, मेरे जाने के बाद भी यदि मेरा शरीर किसी विद्यार्थी की पढ़ाई में काम आए, चिकित्सा के क्षेत्र में किसी के ज्ञान को आगे बढ़ाने में सहायक बने या किसी जरूरतमंद के काम आ सके, तो इससे बड़ी सार्थकता मेरे जीवन के लिए और क्या होगी। मैं अपने इस निर्णय को लेकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मेरे लिए यही असली मोक्ष होगा कि मृत्यु के बाद भी मेरा शरीर किसी के काम आए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शीला प्रधान के इस संवेदनशील एवं परोपकारी निर्णय की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। प्रधान के इस निर्णय की उनके परिवारजनों, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके करीबियों ने भी सराहना की है।

## समस्या : 400 से अधिक स्कूली बच्चों की सुरक्षा केवल भगवान भरोसे

# बिंद्रावन-खट्टी मार्ग का ब्लैक स्पॉट राहगीरों के लिए बना खतरा, दो लोगों की हो चुकी है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



कोमाखान-खट्टी मार्ग पर स्थित ग्राम बिंद्रावन के पास अंधा मोड़ राहगीरों और ग्रामीणों के लिए काल साबित हो रहा है। सड़क निर्माण में तकनीकी खामियों और विभागीय अनदेखी के कारण यह अंधा मोड़ अब 'ब्लैक स्पॉट' के नाम से जाना जाने लगा है। इस खतरनाक मोड़ पर अब तक दो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। हादसे के डर से वाहन चालक यहां से गुजरने में थरथराते हैं।

### 400 से अधिक बच्चों की जान जोखिम में

इस अंधे मोड़ के ठीक सामने प्राथमिक और मिडिल स्कूल संचालित हैं, जहां प्रतिदिन करीब चार सौ से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए आते हैं। स्कूल के ठीक सामने अंधे मोड़ होने के कारण हर समय किसी अनहोनी या बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बच्चों के पालकों में हमेशा अपने नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर दहशत का माहौल रहता है।

सड़क निर्माण के बाद से अब तक कई लोग हादसों के शिकार होकर अपंगता और गंभीर चोटों का दंश झेल रहे हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी का ध्यान इस ओर नहीं गया है। गोविंद राव नागपुरे का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम बिंद्रावन स्थित सड़क अंधे मोड़ के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और कई अपाहिज हो गए हैं। प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर सड़क का सुधार करना चाहिए। ग्राम बिंद्रावन स्कूल के ठीक सामने इतना खतरनाक मोड़ होना। बच्चों के लिए अत्यंत जोखिम भरा है। शासन प्रशासन और विभाग से निवेदन किया है। अधिग्रहित जमीन का सही उपयोग कर इस सड़क को सीधा करे ताकि, मासूमों की जान बचाई जा सके।

### शासन ने खरीदी थी जमीन, फिर भी पीडब्ल्यूडी ने बनाया अंधा मोड़

इस ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंदराव नागपुरे ने बताया कि राज्य शासन द्वारा इस स्थान पर सड़क को सीधा बनाने के लिए आनंदराम नामक व्यक्ति की 40 डिसमिल जमीन का विधिवत अधिग्रहण कर लोक निर्माण विभाग द्वारा भुगतान भी किया गया था। इसके बावजूद अधिकारियों की लापरवाही और कथित अकर्मण्यता के कारण अधिग्रहित जमीन का उपयोग न कर बिना उचित तकनीकी आंकलन के स्कूल के ठीक सामने से यह खतरनाक घुमावदार अंधा मोड़ बना दिया गया। तत्कालीन जिम्मेदारों ने शासकीय राशि का भुगतान तो किया, लेकिन नक्शे और तकनीकी मापदंडों की पूरी तरह अनदेखी की । प्रशासनिक अनदेखी के कारण जानलेवा मोड़ के निर्माण के दौरान ही ग्रामीणों द्वारा बार-बार विरोध जताया गया था और लिखित शिकायतें भी दर्ज कराई गई थीं। इसके बाद भी तत्कालीन अधिकारियों एवं यंत्रियों ने जनभावनाओं और सुरक्षा मापदंडों को दरकिनार कर सड़क का निर्माण पूरा करवा दिया।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए कई योजनाएं

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण और बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने जिले में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े परिवारों की आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जिले के संग्राहक परिवारों के लिए सहारा बन रही हैं। जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, महासमुंद के माध्यम से राजमोहिनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना तथा शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ पात्र संग्राहक परिवारों को दिया जा रहा है। इन योजनाओं से जहां विपरीत परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक सहायता मिल रही है, वहीं संग्राहक परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहन भी प्राप्त हो रहा है।
राजमोहिनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष तक की आयु वाले संग्राहक परिवार के मुखिया की सामान्य मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को 2 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि प्रदान की जाती है। दुर्घटना से मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता का प्रावधान है। इसी प्रकार दुर्घटना में पूर्ण निःशक्तता की स्थिति में 2 लाख रुपए तथा आंशिक निःशक्तता की स्थिति में 1 लाख रुपए की सहायता पात्र तेंदूपत्ता संग्राहक को प्रदान की जाती है।

# जिपं उपाध्यक्ष भीखम ने किया रक्तदान, सेवा संकल्प अभियान में दिया मानवता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने स्वयं रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। इस अवसर पर बागबाहरा एसडीएम नम्रता मारकोले, तहसीलदार प्रेरणा सिंह ने भी रक्तदान कर लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। रक्तदान के पश्चात ठाकुर ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का संकल्प है। स्वस्थ एवं सक्षम लोगों को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, ताकि आवश्यकता के समय मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदाताओं की आवश्यक जांच एवं रक्त संग्रह की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में डॉ. बीएस बड़ाई (बीएमओ), डॉ. एलएल धनकर (एमओ), डॉ.पी चंद्राकर (एमओ), हेमकुमार सोनकर (बीपीएम), एम चौधरी (बीईटीओ), आरके पैकरा (सुपरवाइजर), वीरेंद्र चंद्राकर, चंद्रप्रकाश टंडन, आघेश यादव, राजेश रात्रे, उजेश पटेल, हंसराज देवांगन एवं वेदप्रकाश बंजारे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

> ■ रक्तदान महादान-एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में बन सकता है सहारा







